क्र.सं. मु. गो.11019/54/2023-गो 1/1 (ई-7336)

कर्मचारी चयन आयोग

*****

विषय: कनिष्ठ अभियंता (सिविल, यांत्रिकी और वैद्युत) परीक्षा, 2023: अंतिम उत्तर कुंजियों के साथ अभ्यर्थियों के उत्तर पत्रक (रिस्पॉन्स शीट) अपलोड करना।

कर्मचारी चयन आयोग ने कनिष्ठ अभियंता (सिविल, यांत्रिकी और वैद्युत) परीक्षा, 2023 का अंतिम परिणाम दिनांक 05.01.2024 को घोषित कर दिया है ।

2. परीक्षा प्रणाली में अपेक्षाकृत अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अभ्यर्थियों के हित में, उत्तर पत्रकों (रिस्पॉन्स शीट) के साथ अंतिम उत्तर कुंजियां दिनांक 18.01.2024 को आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई हैं। अभ्यर्थी इसे देखने के लिए अपने परीक्षा रोल नंबर और पासवर्ड का उपयोग करके नीचे दिए गए लिंक के माध्यम से लॉगइन करें। अभ्यर्थियों के लिए यह सुविधा दिनांक 18.01.2024 (शाम 05:00 बजे) से 01.02.2024 (शाम 05:00 बजे) तक की अवधि के लिए उपलब्ध रहेगी।

3. इसके अतिरिक्त, आगे के चयन प्रक्रिया हेतु शॉर्टलिस्ट किए गए/शॉर्टलिस्ट नहीं किए गए अभ्यर्थियों के अंक आयोग की वेबसाइट (अर्थात https://ssc.nic.in) पर भी दिनांक 18.01.2024 को उपलब्ध कराए जाएंगे। यह सुविधा भी दिनांक 18.01.2024 से 01.02.2024 तक उपलब्ध रहेगी। अभ्यर्थी अपने उपयोगकर्ता नाम और पंजीकृत पासवर्ड का उपयोग करके आयोग की वेबसाईट पर लॉगइन करके अभ्यर्थी डैशबोर्ड पर परिणाम / अंक पर क्लिक करके अपने अंक देख सकते हैं।

4. अभ्यर्थी अपने संबंधित प्रश्नपत्र के साथ-साथ अपनी संबंधित अंतिम उत्तर कुंजी तथा स्कोरकार्ड का प्रिंटआउट ले सकते है, क्योंकि उपर्युक्त निर्दिष्ट समयावधि के बाद ये उपलब्ध नहीं रहेंगे।

अवर सचिव, भारत सरकार

दिनांक: 18.01.2024

लिंक: https://ssc.digialm.com:443//EForms/configuredHtml/2207/86051/login.html